# चिकित्सा शिक्षा में हिंदी छात्रों को विशेष प्रोत्साहन

## हिंदी में परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट

**यह मिलेगा पुरस्कार**

- प्रथम स्थान पर 2 लाख
- द्वितीय पर 1 लाख 50 हजार
- तृतीय पर 1 लाख रुपए
- चतुर्थ स्थान पर 50 हजार



**भोपाल, 4 जुलाई. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा में भाषाई बंधन से प्रतिभा को बाधित नहीं होने देने के लिए मातृभाषा में उच्च शिक्षा के कई कोर्स के संचालन की व्यवस्था की है.**

प्रदेश में मातृभाषा हिंदी में एमबीबीएस की पढ़ाई सफलतापूर्वक संचालित हो रही है. मध्यप्रदेश सरकार ने चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए हिंदी माध्यम से अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रोत्साहन की व्यवस्था की है. यह योजना इसी दिशा में एक अतिरिक्त प्रेरणा प्रदान करने का कार्य करेगी.

मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बना, जहां हिंदी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई. वर्तमान में प्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों में हिंदी माध्यम की पुस्तकें प्रथम वर्ष से लेकर अंतिम वर्ष तक पूरी संख्या में उपलब्ध हैं, जिससे हजारों छात्र लाभान्वित हो रहे हैं. यह योजना केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह उन विद्यार्थियों के लिए सम्मान और स्वाभिमान की पहचान है जो हिंदी माध्यम में दक्ष हैं और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहते हैं.

> मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा प्रदेश के सभी संबद्ध मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों को हिंदी माध्यम में परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं. कॉलेज ऐसे विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय को भेजेंगे जो स्वेच्छा से हिंदी में परीक्षा देना चाहते हैं. कक्षाओं और प्रायोगिक सत्रों में उपयुक्त व्यवस्था के साथ हिंदी के परीक्षकों की अनुशंसा की जाएगी. हिंदी माध्यम को और अधिक सशक्त बनाने हेतु शिक्षकों को भी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे विद्यार्थियों के साथ सुगमता से संवाद कर सकें और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकें.

> योजना के तहत हिंदी में परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी. हिंदी माध्यम में अध्ययन कर विवि स्तर पर मेरिट वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार मिलेगा. प्रथम स्थान वाले छात्र को 2 लाख, द्वितीय स्थान पर 1 लाख 50 हजार, तृतीय स्थान पर 1 लाख तथा चतुर्थ स्थान पर 50 हजार का पुरस्कार मिलेगा. प्रत्येक वर्ष या प्रोफेशन में विवि स्तर पर प्रथम से चतुर्थ स्थान पर क्रमश: 1 लाख, 75 हजार, 50 हजार और 25 हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया जाएगा.


**M K PONDA COLLEGE OF BUSINESS & MANAGEMENT**
A Premier Institute for Higher Education
Approved by Higher Education Dept. (Govt. of M.P.) & Affiliated to Barkatullah University, Bhopal
Lambakheda, Berasia Road, Bhopal | Helpline: 98270 78687
www.mkpondacollege.org | hi@mkpondacollege.org

**APPOINTMENTS under College Code-28**

Applications are invited from eligible candidates having excellent academic records for the post of

| Position | Department | Qualifications |
|---|---|---|
| ASSISTANT/ ASSOCIATE PROFESSOR | BBA /BCA | As Per AICTE NORMS |
| | B.Com (Commerce) | NET/SLET is mandatory with minimum 55% marks in PG, in the relevant subject or Ph.D (as applicable) |

Pay scale: Minimum pay prescribed by the UGC/Govt. of M.P. Guidelines for Ad Hoc Assistant Professor. Also note, salary won't be a constraint for deserving candidates.

Apply within seven days to: jobs@mkpondacollege.org


# एमएसएमई को उद्योग जगत से जोड़ने की पहल शुरू

**भोपाल, 4 जुलाई. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की रैंप योजना एवं मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के नेतृत्व में 3 से 5 जुलाई 2025 तक सूरत के विख्यात टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्लस्टर में मध्यप्रदेश के 22 एमएसएमई उद्यमियों का एक्सपोज़र विजिट जारी है.**

लघु उद्योग निगम इस विजिट की नोडल एजेंसी है. इस एक्सपोज़र विजिट में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, मंदसौर, धार, गुना आदि से चयनित एमएसएमई इकाइयों ने भाग लिया. इनका चयन पूर्व निर्धारित पात्रता मानदंडों के आधार पर किया गया जिससे उच्च विकास क्षमता वाली इकाइयों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके. इस भ्रमण का उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को देश के प्रमुख औद्योगिक क्लस्टरों से अवगत कराना, सफल व्यावसायिक मॉडल से सीखने का अवसर देना और व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से उनके कौशल को विकसित करना है.

> एक्सपोज़र विजिट के दौरान प्रतिभागियों ने योगानंद टेक्सटाइल्स प्रा. लि., प्लस के लाइट फैशन प्रा. लि., मंत्रा, लक्ष्मीपति समूह की इकाइयों आदि का भ्रमण कर बड़े पैमाने पर उत्पादन, ब्रांडिंग और विपणन रणनीतियों को भी समझा. उद्यमियों ने बताया कि विजिट में उन्हें उन्नत उत्पादन तकनीकों और बेहतर प्रबंधन तरीकों की जानकारी मिली. नेटवर्किंग, संभावित सहयोग और विस्तार के नए अवसरों की भी पहचान हुई. यह दौरा इस बात का भी परिचायक बना कि कैसे एमएसएमई इकाइयाँ देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं और अपने क्षेत्रों में रोजगार सृजन व सामाजिक विकास को आगे बढ़ा सकती हैं. यह कार्यक्रम राज्य शासन की ज्ञान आदान-प्रदान एवं क्षमता निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

## एक नजर में

### टंडन बने मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष

**भोपाल.** राज्य शासन ने मानव अधिकार आयोग के सदस्य राजीव कुमार टंडन को अपने पद के साथ आगामी आदेश तक मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष के रूप में प्राधिकृत किया गया है. इस संबंध में आदेश जारी कर दिये गये हैं. दरअसल आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर ममतानी का कार्यकाल मई में ही पूरा हो गया था, लेकिन अब तक राज्य सरकार ने अध्यक्ष की तलाश पूरा नहीं कर पाई है. ऐसे में आयोग में अध्यक्ष के पद को लंबे समय तक रिक्त नहीं रखा जा सकता. लिहाजा आयोग के सदस्य टंडन को अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी दे दी गई है.

### मप्र स्टेट टाइगर फोर्स की इंटरपोल ने की प्रशंसा

**भोपाल.** मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर फोर्स द्वारा बाघ तस्कर ताशी शेरपा को सजा दिलाए जाने के मामले को लेकर इंटरपोल ने फोर्स की प्रशंसा की है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी दी. उन्होंने कल देर रात एक्स पोस्ट में कहा, मप्र वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स ने अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा को सजा दिलाने की उत्कृष्ट कार्रवाई की है, जिसके लिए इंटरपोल मुख्यालय ल्योन, फ्रांस ने बधाईपत्र प्रेषित कर प्रशंसा की है. स्टेट टाइगर फोर्स की विवेचना एवं न्यायालय में रखे ठोस पक्ष के आधार पर आरोपी शेरपा को पांच वर्ष की सजा सुनाई गई है.

### विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा पर दो दिवसीय उत्सव

**भोपाल.** प्रदेश के सभी विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा के पर 2 दिवसीय उत्सव 9 और 10 जुलाई को होगा. आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने निर्देश जारी किये हैं. 9 जुलाई को विद्यालय में प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरु-शिष्य संस्कृति के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जायेगी. प्राचीन काल में गुरूकुल व्यवस्था एवं भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता की जायेगी. विद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि आयोजन के दौरान साधु-संतों, गुरूजनों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों को आमंत्रित किया जाये.

## सहकारी युवा संवाद आज


**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर सहकारी युवा संवाद 5 जुलाई को सुबह 10 बजे समन्वय भवन में आयोजित किया गया है. कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव युवाओं से सहकारी युवा संवाद करेंगे. कार्यक्रम को मंत्री सारंग और अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णबाल द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया जायेगा. अतिथियों एवं युवाओं के मध्य समावेशी एवं संवहनीय विकास में सहकारिता की भूमिका विषयक संवाद होगा.राज्य सहकारी संघ द्वारा क्रियान्वित भारत सरकार हस्तशिल्प विभाग के सीएचसीडीएस स्कीम के हस्तशिल्प प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण भी होगा.

# मेधावी बच्चों के बैंक लोन की गारंटी मैं स्वयं दूंगा

## सभी कर्मचारियों का बीमा, सुरक्षित रहेगा भविष्य : हेमंत

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 जुलाई. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें संबोधित किया. खंडेलवाल ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी पार्टी की एक अहम कड़ी हैं.**



आप केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि इस विचार परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं. उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक किसी संस्था से जुड़ता है, तो वह उस संस्था की संस्कृति, विचार और कार्यपद्धति का सहभागी बन जाता है. सभी कर्मचारियों के लिए मेडिकल क्लेम और बीमा की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी. उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारियों के बच्चों को स्कॉलरशिप मिलती है, तो पार्टी उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए हरसंभव आर्थिक मदद प्रदान करेगी. साथ ही उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि यदि किसी को बैंक लोन की आवश्यकता होगी तो मैं स्वयं गारंटी देने को तैयार हूं, ताकि आपके बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बन सके.

> संगठन महामंत्री हितानंद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि तुलसीदास जी ने कहा है कि 'बिनु प्रतीत होइ न प्रीति' अर्थात बिना परिचय के प्रेम और विश्वास नहीं होता. उन्होंने कहा कि यही उद्देश्य लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने प्रत्येक सदस्य से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया है, ताकि पारिवारिक भाव और आपसी विश्वास को और सशक्त किया जा सके. कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने सभी कर्मचारियों का परिचय प्रदेश अध्यक्ष से कराया.

# तीनों कोषालयों में समाधान अभियान

## जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रा के लिये शिविर 7 से 11 तक

**भोपाल, 4 जुलाई. प्रधान महालेखाकार द्वितिय द्वारा भोपाल में सामान्य भविष्य निधि के गुमशुदा कटौत्रों से संबंधित समस्याओं के निराकरण और कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भोपाल के तीन प्रमुख कोषालयों- जिला कोषालय, विंध्याचल कोषालय एवं वल्लभ भवन कोषालय में 7 जुलाई से 11 जुलाई तक विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है.**

यह शिविर विंध्याचल भवन तृतीय तल यूनएडीपी हॉल में निर्धारित किया गया है. महा लेखाकार दल द्वारा शिविर में अभिदाताओं के समक्ष चर्चा कर समस्या का समाधान किया जायेगा. अभिदाताओं को विसंगतियों के समाधान के लिये वांछित दस्तावेज लाना होगा. यह शिविर सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके माध्यम से न केवल गुमशुदा जीपीएफ कटौत्रों की समस्याओं का समाधान होगा.

**कर्मचारियों के हित में एक सार्थक पहल**

इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अधिक से अधिक कर्मचारी इस शिविर से लाभान्वित हों, जिससे उनके सामान्य भविष्य निधि खातों से जुड़ी समस्याओं का समय पर समाधान हो सके और भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों से बचा जा सके. सामान्य भविष्य निधि अंशदाताओं को सही समय पर और सटीक जानकारी मिलना, उनके आर्थिक अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में एक बड़ी पहल है, जिसे सफल बनाने के लिए हर स्तर पर सहयोग और सक्रियता की आवश्यकता है. पवैया ने सभी संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि वे उक्त शिविर में अनिवार्य रूप से भाग लें, साथ ही अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इस संबंध में जागरूक करें.

## खेतों में जाली लगाने का आधा खर्च देगी सरकार

**भोपाल.** फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर जाली लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी. अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर गेलनवाईज जाली लगवा सकते है. उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं. आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है. विभाग द्वारा किसानों को जाली लगाने में आने वाला खर्च का 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा.

# जैट पेचर तकनीक से गड्ढे भरने का कार्य

## नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे रहे उपस्थिति

**गड्ढों से शीघ्र राहत दिलाने में उपयोगी**

**भोपाल, 4 जुलाई. नगरीय प्रशासन एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे की उपस्थिति में शुक्रवार को भोपाल के ई-7 क्षेत्र में जैट पेचर तकनीक के माध्यम से नगरीय क्षेत्रों में सड़कों पर गड्ढों को भरने के कार्य का डेमोन्स्ट्रेशन किया गया.**

आयुक्त भोंडवे ने बताया कि यह अत्याधुनिक मशीन नगरीय क्षेत्रों में सड़कों के गड्ढों से नागरिकों को शीघ्र राहत दिलाने में उपयोगी सिद्ध होगी.



> यह तकनीक कम समय में, परिशुद्धता के साथ गड्ढे भरने का कार्य करती है. इसमें सड़क निर्माण सामग्री का विशेष मिश्रण प्रयुक्त होता है, जो प्रेशराइज इंजेक्शन तकनीक पर आधारित है. डेमोन्स्ट्रेशन के अवसर पर नगर निगम की अपर आयुक्त ना यादव, प्रमुख अभियंता प्रदीप मिश्रा, अधीक्षण यंत्री जीवेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

# एक दिवसीय बाल विपष्यना शिविर का कल आयोजन

**भोपाल. राजधानी के केरवां डेम के पास धम्मपाल विपष्यना केंद्र में 13 से 18 वर्ष के बालक-बालिकाओं के लिए धम्मपाल विपष्यना निशुल्क शिविर 6 जुलाई को सुबह 10 से 4 बजे तक आयोजित होगा. बच्चे सुबह 9.45 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे.**

इसके बाद कार्यक्रम खत्म होने के बाद अभिभावक बच्चों को ले जाएं. बच्चे अपने साथ पानी की बॉटल व छाता या रेनकोट और केप अवश्य लाएं. दोपहर में भोजन की व्यवस्था रखी गई है. आयोजकों ने बताया कि इन शिविरों से बच्चों के लिए बहुआयामी लाभ हुए हैं. बच्चों के व्यक्तित्व, व्यवहार एवं रूचियों और दृष्टिकोण में आशादायक परिवर्तन परिलक्षित हुए हैं. उनकी एकाग्रता बढ़ी है. स्मरण शक्ति में वृद्धि हुई है. मन में भय, चिंता, घबराहट व तनाव दूर होने लगते हैं. पढ़ाई में मन लगता है तथा खेल-कूंद व विविध कलाओं में कुशलता आती है. आत्म विश्वास बढ़ता है. आपसी सद्भावना बढ़ती है. सकारात्मक सोच विकसित होती है व विपरीत परिस्थितियों में मन में धैर्य व समता बनी रहती है. रजिट्रेशन के लिए मोबाइल नंबर 9754775857, 7974375764 या फिर रजिट्रेशन लिंक schedule.vridhamma.org/form/children-application-from?centre=61&course=65682 पर पंजीयन कराएं.

## जन अभियान परिषद का मनाया स्थापना दिवस

**भोपाल.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस शुक्रवार को प्रदेश भर में 'स्वैच्छिकता पर्व' के रूप में मनाया गया. 'संगच्छध्वम संवदध्वम' की भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालयों पर विभिन्न आयोजन हुए. भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित परिषद के राज्य कार्यालय में मुख्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन, परिषद द्वारा निर्मित लघु फिल्मों का प्रदर्शन और स्वैच्छिकता शपथ दिलाई गई. परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने कहा कि परिषद स्वैच्छिकता की भावना के साथ गांव-गांव के विकास के लिए प्रतिबद्ध है.

# कार्यकर्ताओं की ताकत से चलती है भाजपा

- भोपाल के कारण ही पूरे प्रदेश में खिला कमल

**भोपाल, 4 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रविन्द्र भवन सभागार में स्वागत समारोह को संबोधित किया.**



अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी परिवार नहीं, कार्यकर्ताओं की ताकत से चलती है. मैं आपके बीच का ही कार्यकर्ता हूं और इसी भावना से अपने काम का निर्वाह करूंगा. अगर कार्यकर्ता तय कर ले, तो कोई चुनाव जीतना मुश्किल नहीं है. संगठन महामंत्री हतानंद ने कहा कि जनसंघ की स्थापना जिन विचारों और उद्देश्यों को लेकर हुई थी, हमने उन विचारों से कभी समझौता नहीं किया. कार्यक्रम को मंत्री विश्वास सारंग, सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने भी संबोधित किया. प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि हमारे संगठन में कार्यकर्ता सर्वोपरि होता है. भाजपा एकमात्र ऐसा दल है, जो कार्यकर्ताओं के परिश्रम से चलता है. आज हर बूथ पर, हर मंडल में हजारों कार्यकर्ता हैं.

> भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि जनसंघ की स्थापना विचारों और उद्देश्यों लेकर हुई थी. हमारी पार्टी ने इन राष्ट्रवादी विचारों को अंगीकार कर सदैव राष्ट्र को प्रथम मानकर कार्य किया और कभी विचारों से समझौता नहीं किया. विश्व में सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली भाजपा आज देश का विकास करने के साथ अंत्योदय के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है. केरल और बंगाल जैसे राज्यों में आज भी हमारे कार्यकर्ता कठिन संघर्ष कर रहे हैं और अनेक यातनाएं झेल रहे हैं.

**नई पहल** | महिलाओं के लिए सुरक्षा उपाय करने की रहेगी शर्त

# दुकानों, कारखानों में महिलाएं रात में करेंगी काम

- राज्य सरकार ने दी अनुमति
- नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति दी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 जुलाई. पुख्ता सुरक्षा उपायों और विशेष नियम एवं शर्तों को लागू करने की अनिवार्यता के साथ राज्य सरकार ने महिलाओं को दुकानों, वाणिज्यिक संस्थानों और कारखानों में रात की पाली यानी नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति दी है.**

संस्थानों में महिला श्रमिकों को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण दिया जाएगा.

राज्य सरकार ने मप्र दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 एवं कारखाना अधिनियम, 1948 के तहत महिला श्रमिकों को कुछ शर्तों के साथ कार्य करने की अनुमति दी है. इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा निर्देश जारी किये गए है. कम से कम पांच महिला श्रमिकों के समूह में ही कार्य पर लगाया जाएगा, दुकानों एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं में रात्रि पाली में 9 बजे से सुबह 7 बजे तक कार्य करने के लियेनियोजकों को महिला श्रमिकों की लिखित सहमति लेना अनिवार्य होगा. कम से कम 5 महिला श्रमिक के समूह में ही उन्हें कार्य पर लगाया जाएगा. कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण, शौचालय, वॉशरूम, पेयजल और विश्राम कक्ष जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा. इन सुविधाओं तक आगागमन का मार्ग अच्छी तरह से प्रकाशित तथा सीसीटीवी की निगरानी में होगा. जहां 10 या अधिक महिलाएं कार्यरत हों, वहां महिला सुरक्षाकर्मियों की व्यवस्था करनी होगी एवं विश्राम कक्ष भी उपलब्ध कराया जायेगा. सभी प्रतिष्ठानों को लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के प्रावधानों का पूर्ण पालन करना होगा.

> **आने-जाने की सुविधा नियोक्ता की जिम्मेदारी**
>
> कारखानों में रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक महिला श्रमिकों को कार्य करने की अनुमति सुरक्षा उपायों के साथ प्रदान की गई है. रात की पाली में कार्य करने के लिये महिला श्रमिकों की लिखित सहमति अनिवार्य होगी और उन्हें पांच से अधिक समूह में नियोजित किया जाएगा. महिला कर्मचारियों के लिए घर से लाने और ले जाने की परिवहन सुविधा देना नियोक्ता की जिम्मेदारी होगी. कार्यस्थल पर प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, शौचालय, भोजन व विश्राम कक्ष उपलब्ध होंगे. कार्य स्थल के प्रवेश एवं निकास पर महिला सुरक्षाकर्मी उपलब्ध होगी. ठहरने की व्यवस्था महिला वार्डन अथवा सुपरवाइजर के नियंत्रण में होगी. रात्रि पाली में सुपरवाइजरी स्टाफ का एक-तिहाई हिस्सा महिलाएं होंगी. पाली परिवर्तन के दौरान कम से कम 12 घंटे का अंतराल जरूरी होगा. कारखानों में लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के प्रावधानों का पूर्ण पालन करना अनिवार्य होगा.

## पेज एक का शेष

# राशि के बजाय लैपटॉप देगी सरकार...

**लैपटॉप के लिए राशि पाने वाली 60 फीसदी बेटियां:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रतिभाओं को सम्मान देना और स्वर्णिम भविष्य की संभावनों को पोषित करना और हर संभव सहायता करना प्रदेश सरकार का दायित्व है। योजना के तहत माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले जिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि दी गई है, उनमें 60 प्रतिशत बेटियां और 40 प्रतिशत बेटे शामिल हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी बेटियां चुनौतियों को पार करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं. अब बेटों को भी अपनी स्थिति मजबूत करनी होगी. सीएम ने कहा कि 15 साल पहले शुरू हुई इस योजना का लाभ अब तक 4 लाख 32 हजार से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को मिल चुका है. इस दौरान राज्य सरकार ने विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण पर 1080 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि खर्च की है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूल शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है और शासकीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं. इसी का परिणाम है कि इस वर्ष शासकीय स्कूलों में बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 52 प्रतिशत और निजी स्कूलों में 48 प्रतिशत रहा है.

वर्ष 2025 में सरकारी स्कूलों के लगभग 49 हजार और निजी स्कूलों के 44 हजार से अधिक विद्यार्थियों को प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप का लाभ मिला है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सीमित संसाधन होते हुए भी कई गुदड़ी के लाल सामने आए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वे स्वयं और मंत्रिमंडल के सभी साथियों ने सरकारी स्कूलों में ही प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की है. सरकारी स्कूलों से ही देश को गुदड़ी के लाल मिले हैं. सरकारी स्कूल ही अब बेहद प्रभावकारी हो गए हैं.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14